सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी, राजस्थान

फाइल न. विविध कार्य/ई-III दिनांक: 26.10.2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय: AEBAS प्रणाली के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के संबंध में।

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, सीएसआईआर मुख्यालय द्वारा AEBAS प्रणाली के कार्यान्वयन एवं कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के संबंध में जारी अर्धशासकीय (D.O.) पत्र दिनांक 24.09.2026 तथा सीएसआईआर द्वारा पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों को संस्थान के सभी कर्मचारियों को सूचना एवं अनुपालनार्थ अग्रेषित किया जा रहा है।

इस संबंध में संस्थान के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे AEBAS प्रणाली के माध्यम से नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें तथा संबंधित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करें।

संस्थान के कार्यालय का कार्य समय पूर्ववत् प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक रहेगा। भोजनावकाश अपराह्न 01:00 बजे से 02:00 बजे तक निर्धारित रहेगा।

सभी प्रोजेक्ट फेलो, प्रशिक्षु (Trainees), परियोजना कर्मी तथा संविदा कर्मी पूर्ववत् FRAS प्रणाली के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे।

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

मधुरंजन 26.10.2026
(मधुरंजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि:

1. संस्थान के सभी कर्मचारियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ।
2. सूचना पट्ट/संस्थान की आंतरिक वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।